| | | |
|---|---|---|
| | आयुक्तालय, केंद्रीय माल व सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क,<br>मुंबई मध्य का कार्यालय,<br>OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CGST & CENTRAL EXCISE, MUMBAI CENTRAL,<br>जीएसटी भवन, महर्षि कर्वे मार्ग, चर्चगेट, मुंबई- 400 020<br>**GST BUILDING, M. K. ROAD, CHURCHGATE, MUMBAI- 400 020** | |

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

## Minutes of the meeting of the OL Implementation Committee

आयुक्तालय, केंद्रीय माल व सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई मध्य कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 11.03.2026 को सायंकाल 04.00 बजे श्री विवेक पाण्डेय, आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में सभाकक्ष, चतुर्थ तल, जीएसटी भवन में सम्पन्न हुई। इस बैठक का संचालन समिति सचिव सह सहायक निदेशक (राजभाषा) मनमोहन धीर ने किया ।

The meeting of the OL Implementation Committee of the Central Goods & Services Tax and Central Excise, Mumbai Central Office was held on 11.03.2026 at 04.00 pm in the meeting hall, fourth floor, GST Bhawan under the Chairmanship of Shri Vivek Pandey, Commissioner. This meeting was conducted by Committee Secretary cum Assistant Director (OL)

बैठक के दौरान निम्न अधिकारीगण उपस्थित थे।
The following officers were present during the meeting.

| क्रम | **अधिकारी का नाम (श्री/सुश्री)** | **पदनाम** |
|---|---|---|
| 1. | के. श्रीकांत मुसुलूरु | अपर आयुक्त (राजभाषा) |
| 2. | मल्लिनाथ जेउरे | अपर आयुक्त |
| 3. | अभिनव कुमार | संयुक्त आयुक्त (यथास्थान) |
| 4. | दीपक माटा | उपायुक्त (प्रशासन)\ |
| 5. | महेश कुमार | उपायुक्त |
| 6. | अखिलेश कुमार | सहायक आयुक्त |
| 7. | संजय जे. प्रजापति | सहायक आयुक्त |
| 8. | राजेश डबास | सहायक आयुक्त |
| 9. | गोखरू प्रवीण कुमार | सहायक आयुक्त |
| 10. | एच. डी. गवई | सहायक आयुक्त |
| 11. | सुसन जॉन | सहायक आयुक्त |
| 12. | धर्म सिंह मीना | सहायक आयुक्त |
| 13. | घनश्याम मीना | सहायक आयुक्त |
| 14. | मनमोहन धीर | सहायक निदेशक (राजभाषा) |

अध्यक्ष महोदय की अनुमति के उपरांत सहायक निदेशक (राजभाषा) मनमोहन धीर, ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही आरंभ की। बैठक की

कार्यसूची के अनुसार निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं अध्यक्ष महोदय से आवश्यक निर्देश प्राप्त किए गएः-

**<u>राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के दौरान हुई चर्चा और निर्णयः-</u>**
**<u>Decisions taken during the meeting of OL Implementation Committee:-</u>**

1. **कार्यसूची बिंदु संख्या 01 - विगत बैठक 21.11.2025 के कार्यवृत्त पर चर्चा -** इस बिन्दु पर सहायक निदेशक (राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय एवं समिति सदस्यों को विगत बैठक दिनांक 21.11.2025 में लिए गए निर्णयों पर हुई अनुपालनात्मक कार्यवाही की जानकारी दी। सभी अनुपालन डीजीपीएम, नई दिल्ली द्वारा किए गए निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसरण में भी किए गए हैं एवं संबन्धित अनुपालन रिपोर्ट माह दिसंबर, 2025 में डीजीपीएम, नई दिल्ली को भी भेजी गई है। आगे, अध्यक्ष महोदय ने पूरे वर्ष के दौरान हुए सभी प्रकार के राजभाषा संबंधी निरीक्षणों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि जिन बिन्दुओं पर अनुपालन जारी है उन्हें भी इसी तिमाही में शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए और इसे क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, सीबीडी बेलापुर कार्यालय द्वारा 25 फरवरी, 2026 को किए गए निरीक्षण की समीक्षा रिपोर्ट के अनुपालन में दर्शाया जाए ।

   **(कार्रवाईः राजभाषा अनुभाग)**

2. **कार्यसूची बिंदु संख्या 02 एवं 03 - दिसंबर, 2025 की तिमाही रिपोर्ट एवं राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अनुपालन की समीक्षा:** इस विषय पर अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा क्षेत्र क, ख एवं ग क्षेत्र में किए जाने वाले पत्राचार की जानकारी लेते हुए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करने के उपायों पर चर्चा की । मण्डल कार्यालयों से आए अधिकारियों को पत्राचार में राजभाषा कार्यान्वयन पर अधिक कार्य करने और उन्हें तिमाही रिपोर्ट के माध्यम से दर्शाने के निर्देश दिए । बैठक में चर्चा के दौरान राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी किए जाने वाले दस्तावेजों को अनिवार्यतः द्विभाषी जारी किए जाने और नियम 05 के अंतर्गत हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिये जाने के अनुपालन पर व्यापक चर्चा हुई । समिति सचिव ने इस संबंध में दिनांक 04 मार्च, 2026 को जारी हुए दिशानिर्देशों की सूचना समिति सदस्यों को दी और उन्हें इस संबंध में राजभाषा विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त कार्यालय ज्ञापन के निर्देशों से अवगत कराया और उनसे इसके अनुपालन का अनुरोध किया गया । अध्यक्ष महोदय ने टिप्पणी लेखन के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने पर संतोष प्रकट करते हुए और अधिक प्रयास करने को प्रोत्साहित किया और तिमाही में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने और तिमाही रिपोर्ट में आंकड़ों को ठीक से दर्शाने के निर्देश जारी किए। अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में राजभाषा अनुभाग को यथाशीघ्र एक विशेष कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश दिये ।

   **(कार्रवाईः समस्त अनुभाग/राजभाषा अनुभाग/ मण्डल कार्यालय)**

3. **कार्यसूची बिंदु संख्या 02 - अनुवाद, हिंदी टंकण प्रशिक्षण के आगामी स्तरों में नामांकन** - इस विषय पर समिति सचिव ने वर्ष 2026 के लिए विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए संबंधित परिपत्रों के जारी होने की सूचना दी । सहायक निदेशक

(राजभाषा) ने मण्डल कार्यालय प्रभारियों से अप्रशिक्षित अधिकारियों को नामांकित किए जाने जाने का अनुरोध किया । समिति अध्यक्ष ने माह अप्रेल में आगामी वार्षिक सामान्य स्थानांतरण के बाद कार्मिकों की अद्यतन जानकारी यथासमय संग्रहित करने के निर्देश दिए और उनके आधार पर कार्मिकों के आवश्यक नामांकन किए जाने के निर्देश दिये।

**(कार्रवाईः समस्त अनुभाग/राजभाषा अनुभाग/ मण्डल कार्यालय)**

4. **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय -**
   1. अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा कार्यान्वयन को और भी अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्यालय भवन के प्रवेश द्वार परिसर में हिंदी दैनिक समाचार पत्रों - पत्रिकाओं को पढ़ने की सुविधा शीघ्र ही आरंभ किए जाने पर आवश्यक निर्देश दिये ।
   2. नराकास, दक्षिण मुंबई की गतिविधियों की सूचनाएँ प्राप्त करते हुए आगामी छमाही बैठक से संबन्धित सभी औपचारिकताएँ समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश भी अध्यक्षा महोदय ने दिये ।
   3. अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित सदस्य अधिकारियों और अन्य कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के लिए नियमित रूप से रोचक और प्रभावी संवाद कार्यक्रम किए जाने की आवश्यकता बताई और इस श्रंखला के प्रथम चरण **"विचार मंथन"** में महान दार्शनिकों और विचारकों, युगप्रवर्तकों के कालसिद्ध कालजयी विचारों पर समिति सदस्यों विमर्श के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इन विचारों पर सारगर्भित विमर्श किया और सार्वजनिक जीवन और शासकीय सेवाकार्यों में उनकी प्रासंगिकता और उपयोगिता पर भी चर्चा की । मानव दृष्टिकोण और दर्शन पर सार्थक चर्चा के साथ इस कार्यक्रम का प्रथम चरण संपन्न हुआ । माननीय अध्यक्ष महोदय ने आगामी कार्यशालाओं में इसे नियमित करने के निर्देश दिये ।

बैठक के अंत में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थिति हेतु धन्यवाद प्रस्तुत करते हुए बैठक सम्पन्न हुई। At the end of the meeting, The Chairman and members of the OL Implementation Committee were thanked for their presence.

यह आयुक्त के अनुमोदन से जारी किया जाता है।
This issues with the approval of the Commissioner.

Digitally signed by
Manmohan Dheer
Date: 18-03-2026
16:21:12

**(मनमोहन धीर )**
सहायक निदेशक (राजभाषा)
Assistant Director (OL)

प्रतिलिपि **Copy to**:

1. समिति के सभी सदस्यों को अनुपालनार्थ All Committee Members for compliance.
2. समस्त अनुभागों / मण्डल कार्यालयों - मुंबई मध्य को सूचनार्थ/अनुपालनार्थ।
   All Sections/Divisional Offices – Mumbai Central for information/compliance.